नवभारत
भोपाल, सोमवार 15 दिसम्बर, 2025

अनियंत्रित होकर स्कूली बस सगड़ नदी में गिरी

खास बातें

- बस में सवार 49 बच्चों में से करीब 15 घायल
- बहादुरपुर शासकीय स्कूल से बच्चों को सांची ट्रिप पर ले जा रही थी बस
- नटेरन थाना अंतर्गत ज़ोहद की घटना

नवभारत न्यूज

विदिशा 14 दिसम्बर, स्कूल के छात्रों को लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर विदिशा के ज़ोहद पुल से नीचे नदी में गिर गई बस में 49 बच्चे सवार थे जो सभी अशोकनगर जिले के बहादुरपुर से सांची भ्रमण के लिए जा रहे थे. बिना रेलिंग के इस पुल से बस नीचे गिरी तो मौके पर चीख पुकार मच गई. रास्ते से गुजर रहे लोगों ने तत्काल घायलों को निकाला और पुलिस को सूचना दी.

सूचना लगते ही मौके पर नटेरन एसडीएम और थाना प्रभारी अपने बल के साथ पहुंच गए और बच्चों का रेस्क्यू किया. बस में सवार सभी 49 बच्चे घायल हुए हैं. जिनमें से कुछ का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया जबकि 20 बच्चे बासौदा के सरकारी अस्पताल में भर्ती है. गंभीर रूप से घायल 9 बच्चों को विदिशा के मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया जहां घायल छात्रों की हाल जानने के लिए विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा और विधायक मुकेश टंडन पहुंचे विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि घायल छात्रों के परिजनों को सूचित कर दिया है और सभी बच्चे सकुशल हैं. एसडीएम क्षितिज शर्मा का कहना है कि दुर्घटना के कारणों का पता किया जा रहा है, यदि चालक द्वारा लापरवाही की गई है तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी. यह हादसा रविवार की दोपहर 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है. जिस पुल से बस गिरी उस पुल में रैलिंग नहीं थी.

बच्चों की कराई सिटी स्केनिंग, रिपोर्ट निकली नार्मल

हादसे करीब आधा दर्जन से ज्यादा बच्चों कों ज्यादा चोटें आई थी. जिसको देखते हुए बच्चों की सिटी स्केनिंग कराई गई. जिनकी रिर्पोट सामान्य आने पर उनको प्रथामिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया.बस के बारे में जुटाई जा रही जानकारी. एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बताया कि हादसे में घायल बच्चों के इलाज की व्यवस्था करा दी गई एक बच्चे को चोट ज्यादा आई थी उसकी सिटी स्केनिंग कराई गई थी जिसकी रिर्पोट सामान्य आई है. सभी बच्चों को अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद घर भेज दिया गया है. बस के बारे में जानकारी ली जा रही है.बताया गया जिस बस से हादसा हुआ उसके कागजात पूरे नहीं थे फिटनेश और बीमा भी नहीं था. बस अशोक नगर की बताई जा रही है.

सभी पात्रों के नाम हो अपात्रों के नाम हटाए जाएं

नवभारत न्यूज

विदिशा, प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश यादव एवं नेशनल मास्टर ट्रेनर प्रभाष जैन द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 144 विदिशा में रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के प्रथम चरण में किए गए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई. बैठक में श्री यादव ने रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं अद्यतन स्थिति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है.उन्होंने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल हो तथा अपात्र या मृत मतदाताओं के नाम नियमानुसार विलोपित किए जाएं.

सूने घर में हुई चोरी का किया पर्दाफाश, 2 आरोपी गिरफ्तार

12 तोला सोना समेत 20 लाख का मशरूका जप्त

172 सीसीटीवी फुटेज देखे, 125 से अधिक लोगों से की पूछताछ

नवभारत न्यूज

विदिशा, शहर के अलग अलग इलाकों के हुई चोरियों के राज धीरे धीरे खुलते नजर आ रहे हैं. बीते दिनों जहां कोतवाली क्षेत्र में कुछ जगहों पर चोरी की वारदातें सामने आई थीं तो वहीं सिविल लाइन थाना क्षेत्र में भी चोरी की वारदात हुई थी. इन पूरे मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी. जिसमें से एक चोरी का खुलासा पुलिस ने रविवार को किया.

दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी का मशरूका जब्त किया गया है. वहीं दूसरी तरफ रगंई मंदिर में हुई हनुमान मंदिर में हुई चोरी का खुलासा अभी तक नहीं हो सका. जांच के दौरान पुलिस टीम ने लगभग 172 सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं 125 से अधिक लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की. मुखबिर सूचना और मैदानी पतारसी की मदद से पुलिस ने गिरोह के दोनों आरोपियों को दबोच लिया. पुलिस ने बताया कि 7 अक्टूबर 25, शंकर नगर में मकान सूने होने का फायदा उठाकर सोने की 4 चूड़ी,1 मंगलसूत्र, 4 सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी सोने की झुमकी 1 जोड़ी सोने के टॉप्स, 1 सोने की नथ, 1 सोने का रानी हार, 1 सोने का गले का हार, 2 सोने की चेन एवं 50000 नगदी चोरी किए गए थे. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था.पुलिस टीम ने चोरी के मामले में अनवर पिता बाबू खान उम्र 45 साल 89 मोहम्मद गढ़ थाना हैदरगढ़ जिला विदिशा, वसीम अहमद पिता सगीर अहमद उम्र 55 साल निवासी काजी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 7 बेगमगंज हाल फिजा कॉलोनी गली नंबर 3 थाना निशातपुरा भोपाल को गिरफ्तार किया है. जिनके पास से 12 तौला सोना के जेवरात बरामद किए गए हैं. वहीं 4 लाख की कार और 50 हजार रुपए नगदी बरामद किए गए हैं. इस तरह से करीब 20 लाख रुपए मशरूका आरोपियों से बरामद किया गया है.

बाबा के नाम की मेंहदी हथेली पर रची बप्पा के दरबार से निकली निशान यात्रा

बैशाली नगर के खाटू श्याम मंदिर में चल रहे धार्मिक आयोजन

नवभारत न्यूज

विदिशा 14 दिसम्बर, शहर के वैशाली विहार कॉलोनी के खाटू श्याम मंदिर में चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव का आयोजन हो रहा है. भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत वातावरण में श्याम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है. महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हों रहे है.

रविवार को मंदिर में विशेष आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं के लिए श्याम नाम की मेहंदी कार्यक्रम रखा गया. इस आयोजन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर पहुंचीं. हजारों महिलाओं ने एक-दूसरे के हाथों में श्याम बाबा के नाम की मेहंदी लगाई. मंदिर समिति द्वारा मेहंदी सहित सभी व्यवस्थाएं पहले से की गई थीं. मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात की गई है. मंदिर समिति सदस्य गौरव बंसल ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर, वैशाली विहार का यह सातवां वार्षिक उत्सव है. हर वर्ष की तरह इस बार भी विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, जिनमें महिलाएं, युवा और वरिष्ठ नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं. श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित महोत्सव के तहत सुबह सामूहिक सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कथा के पश्चात सामूहिक रूप से 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान भक्त मंडली के सामूहिक गायन से मंदिर परिसर भक्ति के रंग में सराबोर रहा। इसके बाद मेंहदी का आयोजन हुआ.महोत्सव के तहत रविवार को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई. हजारों की संख्या में खाटू श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर बाबा के दरबार में अर्पित किया. निशान यात्रा डंडापुरा स्थित चिंतामणि गणेश मंदिर से प्रारंभ हुई. श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष घनश्याम बंसल ने बताया कि यह उत्सव भक्तों के लिए भक्ति, अध्यात्म और सामूहिक सौहार्द का प्रतीक है. आगामी दिनों में भजन संध्या, प्रसादी वितरण एवं विशेष आरती जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. सोमवार को भी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी. हर एकादशी को मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त निशान लेकर मंदिर दर्शन करने पहुंचे हैं.

बजरंज दल ने निकाली वाहन रैली

नवभारत न्यूज

विदिशा, रविवार को विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने शहर के मुख्य मार्गों से वाहन रैली निकाली. भगवा झंडा लेकर चल रहे कार्यकर्ताओं ने जयश्री राम के नारे लगाये.सुबह करीब 11 बजे से शुरू हुयी यह यात्रा दोपहर तक चली जिसमें युवा दुपहिया वाहनों पर सवार थे.

गुलाब वाटिका में विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दिया स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

विदिशा, रविवार को विदिशा विधायक मुकेश टंडन द्वारा चलाए जा रहे साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गुलाब वाटिका पहुंच कर सभी ने श्रमदान किया और पार्क में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा को साफ किया.विधायक ने आसपास सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और कहा कि ये केवल नगरपालिका के सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है हम सभी को मिलकर अपने घर और आसपास सफाई करना चाहिए एवं आसपास के पार्क, मंदिर या अन्य कोई प्राचीन स्थान इमारत को भी स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है इसलिए मेरा सभी से निवेदन है जिस तरह देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को संपूर्ण देश में एक आंदोलन बना दिया है हमें भी श्रमदान कर स्वच्छता में अपनी सहभागिता निभाना चाहिए.स्वच्छता कार्यक्रम में मुख्य रूप से विदिशा के लोकप्रिय विधायक मुकेश टंडन, बेस मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, बेत्रबती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, पार्षद हिमांशु राजोरिया, छत्रपाल शर्मा, लियाकत खान कल्लू भाई, पवन पंजाबी, आसिफ पटेल, सोहेल अहमद बबलू भाई, तीरथ कुशवाहा, राजकुमार राजू राय, सुधीर जैन दरबार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

ग्रामीण डाक सेवक संघ का अधिवेशन

संजय बने संभागीय सचिव , हेमराज को चुना अध्यक्ष

सेवानिवृत्त सत्यनारायण दुबे का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

विदिशा, ग्राम देव खजूरी में विदिशा संभाग के अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का वार्षिक अधिवेशन एवं संभागीय सचिव सत्यनारायण दुबे के सेवा निवृत्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने की.मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी सहित भाजपा के कई नेता उपस्थित रहे.वक्ताओं ने डाक विभाग के कार्यों की सराहना की.विधायक मीणा ने गांव में सड़क व सामुदायिक भवन निर्माण सहित विकास कार्यों तथा डाक कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण में सहयोग का आश्वासन दिया.इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें संजय शर्मा को संभागीय सचिव व हेमराज को अध्यक्ष चुना गया. कार्यक्रम में अनेक ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने श्री दुबे को सम्मानित किया.

धामनोद,लटुआ, दैय्यरपुर मार्ग को मिली स्वीकृति, ग्यारसपुर के विकास को नई रफ्तार

नवभारत न्यूज

हैदरगढ़ ,क्षेत्र के लिए वर्षों से प्रतीक्षित और बहुप्रतीक्षित जनआकांक्षा आखिरकार साकार हो गई। धामनोद से लटुआ होते हुए दैय्यरपुर तक सड़क निर्माण कार्य को लगभग 2.5 करोड़ की लागत से स्वीकृति मिलना क्षेत्र के विकास इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है.यह उपलब्धि क्षेत्र के विधायक, हरि सिंह रघुवंशी के अथक प्रयासों, सतत संघर्ष और दृढ़ संकल्प का प्रत्यक्ष प्रमाण है.

विधायक ने जनभावनाओं को मजबूती से शासन तक पहुँचाकर यह सिद्ध कर दिया कि वे केवल जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि ग्यारसपुर की आशाओं, विश्वास और अपेक्षाओं के सशक्त प्रहरी हैं.उनके दूरदर्शी नेतृत्व में क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को स्वीकृति मिलना जनता के विश्वास पर मुहर है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विशेष रूप से विधायक हरि सिंह रघुवंशी का क्षेत्रवासियों द्वारा आत्मीय आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया गया है.यह मार्ग निर्माण न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार सहित क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी नई दिशा देगा. ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्गों से जोड़कर यह सड़क विकास के नए अवसर सृजित करेगी.

धरना | **विकास को लेकर पार्षदों ने किया जल सत्याग्रह**

बीजेपी-कांग्रेस के पार्षदों ने किया जल सत्याग्रह

पिछले 33 दिनों से पार्षद बैठे हैं धरने पर

नवभारत न्यूज

विदिशा, रविवार को विदिशा नगर पालिका के कई पार्षदों ने बेतवा नदी पर जल सत्याग्रह किया. पालिका के पार्षद पिछले 33 दिनों से धरने पर बैठे हैं. लगातार में स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग कर रहे हैं कि शहर की सड़कों की हालात बहुत खराब है विदिशा का परिपूर्ण विकास हो इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के पार्षद विदिशा के नीमताल चौराहे पर लंबे समय से धरने पर बैठे हैं. इस संबंध में पार्षदों का कहना है कि हम लोग सिर्फ और सिर्फ विदिशा के विकास की बात कर रहे हैं और इसीलिए रविवार को भाजपा और कांग्रेस के पार्षद एकजुट होकर यह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. इससे पहले भी नगर पालिका के विरोध में नगर पालिका विकास की अर्थी निकाली गई थी. इसके बाद पार्षद प्रतिनिधियों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन भी किया था. अब जल सत्याग्रह की राह पर चल पड़े. कांग्रेस पार्षद और नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी का कहना है कि हम लोग विदिशा के विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं जिस बेतवा मैया में हम लोग जल सत्याग्रह कर रहे हैं उसकी हालत देख लीजिए जनप्रतिनिधियों को कुछ दिखाई नहीं दे रहा है. इस संबंध में पार्षद प्रतिनिधि जमुना कुशवाहा का कहना है कि हम लोगों ने आज बेतवा नदी में जल सत्याग्रह किया है बेतवा नदी लगातार दूषित हो रही है विदिशा के चोर घाट नाले का पानी और सीवेज का पानी बेतवा में मिल रहा है विदिशा की जनता लगातार दूषित पानी पीने को मजबूरहै.

इस संबंध में पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सक्सेना का कहना है कि आज हमें 33 दिन हो चुके हैं धरना देते हुए चार-पांच दिन पहले विदिशा के विधायक आए थे.उन्होंने हमें आश्वासन दिया था कि 13 तारीख तक सभी काम चालू हो जाएंगे सड़कों का निर्माण चालू हो जाएगा जो भ्रष्ट अधिकारी है उन्हें हटा दिया जाएगा परंतु अभी तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है इसलिए हमारा लगातार धरना जारी है जब तक हमारी जान नहीं चली जाती तब तक हम यह धरना देते रहेंगे.

सच्चे हृदय से वृद्धजनों की सेवा करते हैं तो ईश्वर का आशीर्वाद स्वत : हमें मिल जाता है-ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा,प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा भारत माता कॉन्वेंट स्कूल में गौरवपूर्ण वृद्धअवस्था एवं सम्मानित जीवन अखिल भारतीय अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रिंसिपल सिस्टर सजिता ने सभी ब्रह्मकुमारी बहनों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया इसके पश्चात ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अभियान का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि हम सभी एक परमात्मा की संतान आपस में भाई-बहन हैं। हमें धर्म, जाति भुलाकर आपस में एकता और भाईचारे के साथ रहना है.अभियान के तहत पूरे भारत में गांव-गांव, शहर- शहर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. जिनके माध्यम से लोगों को विश्व एकता और आपसी विश्वास का संदेश दिया जा रहा है.वरिष्ठ नागरिकों का सशक्तिकरण पीढ़ियों के बीच सौहार्द एवं समझ को मजबूत करना समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान गरिमा एवं संवेदनशील के प्रति जागरूकता बढ़ाना. जब तक हम अपने अंदर के मनोविकारों को दूर नहीं करेंगे, इन पर विजय प्राप्त नहीं करेंगे, तब तक हमारे अंदर एकता और विश्वास नहीं आएगा.हमें पश्चिम की संस्कृति को छोड़कर सनातन संस्कृति को अपनाना है, जिसमें मुख्य रूप से सुबह जल्दी उठना और रात को जल्दी सोना है.साथ ही हमें अपने अंदर तीन बातों को भी धारण करना है सबको सम्मान देना है, सबका सहयोग करना है और सबको स्नेह देना है.उन्होने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की देवभूमि की विशिष्टता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाए रखने के लिए नागरिकों के आचरण, सद्गुणों और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण अनिवार्य है.ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपनी भावना रखते हुए कहा कि जब हम अपने मन, बचन, कर्म या तन, मन, धन, से दूसरों को सुख पहुंचाते हैं तो वह कई गुना होकर हमारे ही पास लौटकर आता है,यह शाश्वत नियम है.सच्ची शक्ति इस बात में नहीं है कि हमारे पास क्या है, बल्कि इसमें है कि आत्मा अपनी चुनौतियों से ऊपर उठकर कैसे आत्मविश्वास बनाए रखती है. जब हम सच्चे हृदय से वृद्धजनों की सेवा करते हैं, तो ईश्वर की दिव्य आशीर्वाद से शांति और आनंद हमारे जीवन में स्वत: आ जाते हैं. नन्दनी बहन ने मेडिटेशन की परिभाषा देते हुए कहा कि शरीर और शरीर के संबंधों से कुछ देर के लिए अपने को अलग करना ही मेडिटेशन है और यह हमें सुबह शाम 5 मिनट जरूर करना है और बच्चों को भी सिखाना है. अंत में उन्होंने परमात्मा के विषय में कहा कि परमात्मा सत्य ज्ञान देता है, परमात्मा निराकार है और मैं आत्मा शांत स्वरूप हूँ, प्रेम स्वरूप हूं. इस स्थिति में रहने की हमें मेहनत करनी है.प्रिंसिपल सिस्टर साजिता ने अपने भाव रखते हुए कहा कि मैं इमोशनल हो गई वर्तमान में वृद्धजनों के प्रति सम्मान का भाव न रखने की समस्या युवा पीढ़ी में बढ़ती जा रही है.